पंजाब केसरी 25/01/2025

जी.एम.एन. कॉलेज में फैकल्टी डिवैल्पमैंट प्रोग्राम के चौथे दिन औद्योगिक डिजाइन पर हुई चर्चा

अम्बाला, 24 जनवरी (बलराम): छावनी के जी.एम.एन. कॉलेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के दिशा-निर्देशन में इंटेलैक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स विषय पर चल रहे पांच दिवसीय फैकल्टी डिवैल्पमैंट प्रोग्राम के चौथे दिन शुक्रवार को औद्योगिक डिजाइन पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का प्रारंभ में डा. शिखा जग्गी, डा. अमिता, डा. रवनीत कौर एवं प्रो. श्याम रहेजा ने मुख्य वक्ता एन.आई.डी. कुरुक्षेत्र से आए त्रिलोकराज चौहान को पौधा देकर उनका स्वागत किया।

अपने संबोधन में त्रिलोकराज चौहान ने उत्पादन रूप, परिवहन डिजाइन, पर्यावरण डिजाइन एवं इंटरैक्शन डिजाइन आदि विभिन्न प्रकार के औद्योगिक डिजाइन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि औद्योगिक डिजाइन एक अनुशासन है जो प्रौद्योगिकी, विनिर्माण और डिजाइन को जोड़ता है। यहां डिजाइन का तात्पर्य किसी उत्पाद के आरंभ से अंत तक के चक्र से है। औद्योगिक डिजाइनरों के रूप में छात्र मजबूत अनुसंधान द्वारा समर्थित उपयोगकर्ता केंद्रित दृष्टिकोण का पालन करते हैं। उन्होंने टाइपोग्राफी यानी मुद्रण कला के बारे में बहुत ही बारीकी से समझाया।

कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने आज के विषय से संबंधित प्रश्न पूछे और मुख्य वक्ता से उनके संतोषजनक उत्तर प्राप्त किए। तत्पश्चात कार्यक्रम की कनवीनर डा. प्रबलीन कौर, को-कनवीनर डा. भारती सुजान, प्रो. शिवानी निझावन, प्रो. कमलप्रीत कौर, डा. गीता कौशिक, डा. सुरेंद्र कुंडू, डा. ज्योति एवं प्रो. योगिता द्वारा मुख्य वक्ता को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।